# Hindi Murli Quiz 13-01-2015

**पासिंग मार्क्स - 60%**

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |

***Q.1)*** **आज का अव्यक्त स्थिति का अनुभव करने के लिए विशेष होमवर्क क्या है ?**
**(एक उत्तर का ही चयन करें )**

- **A.** ◉ अभ्यास करो कि इस स्थूल देह में प्रवेश कर कमीन्द्रयों से कार्य कर रहे हैं । जब चाहे प्रवेश करो और जब चाहे न्यारे हो जाओ |
- **B.** ○ सम्पूर्ण फरिश्ता वा अव्यक्त फरिश्ता की डिग्री लेने के लिए सर्व गुणों में फुल बनो। नॉलेजफुल के साथ-साथ फेथफुल, पावरफुल, सक्सेसफुल बनो।
- **C.** ○ कोई भी कर्म करो, बोल बोली वा संकल्प करो तो पहले चेक करो कि यह ब्रह्मा बाप समान है! ब्रह्मा बाप की विशेषता विशेष यही रही- जो सोचा वो किया, जो कहा वो किया ।
- **D.** ○ संकल्प और कर्म में अन्तर न हो । संकल्प जीवन का अमूल्य खजाना है । जैसे स्थूल खजाने को व्यर्थ नहीं करते वैसे एक संकल्प भी व्यर्थ न जाये ।

***Q.2)*** **पवित्र दुनिया बाप स्थापन करते हैं, पतित दुनिया की कोई स्थापना नहीं होती । यह बातें कोई मनुष्य नहीं जानते ।**

- **A.** ○ True / ये वाक्य सही है
- **B.** ◉ False / ये वाक्य गलत है

**Explanation:** पवित्र दुनिया बाप स्थापन करते है, पतित दुनिया रावण स्थापन करते हैं ।

***Q.3)*** **बाबा हम बच्चों से मुरली के द्वारा भी रूह-रिहान करते हैं | कभी तो हम बच्चों से पूछते हैं  , कभी अपनी हैरानी को ज़ाहिर करते हैं  आदि | यहाँ पर एक वाक्य दिया जाएगा | आप उस वाक्य को पूरा करने के लिए सही चिहन का चुनाव करें | वाक्य है - कहते भी हैं शान्ति हो । अब सारी दुनिया में शान्ति मनुष्य कैसे करेंगे__**

- **A.** ○ !
- **B.** ◉ ?
- **C.** ○ |

***Q.4)*** **किस बात से पता चलता है कि संगमयुग भी ज़रूर है ?**
**(एक ही उत्तर का चयन करें )**

- **A.** ○ हम सो , सो हम का भी गायन है
- **B.** ○ नदियों के भी संगम की महिमा है
- **C.** ○ शास्त्रों में संगमयुग का ज़िक्र है
- **D.** ◉ कल्प की आयु लाखों वर्ष कह दी है

**Explanation:** शास्त्रों में कल्प की आयु लाखों वर्ष बता दी है । जरूर सगमयुग भी होगा, जबकि सृष्टि बदलेगी ।

***Q.5)*** **शब्दों को अर्थ के अनुसार मिलायें-**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | अंतिम अवस्था | अतीन्द्रिय सुख |
| B | बाप को याद करते | प्रेम के आंसू |
| C | रावण | बेरहमी |
| D | अच्छी सर्विस | साहूकार घराना |
| E | माया अप्रैल फूल | बाप गुल गुल |
| F | हीरो-हीरोइन | भारतवासी |

***Q.6)*** **सबसे बड़ी ते बड़ी एकज भूल कौन सी है ? ( एक ही उत्तर का चयन करें )**

- **A.** ○ कल्प की आयु लाखों वर्ष कह देना
- **B.** ○ परमात्मा को सर्वव्यापी कह देना
- **C.** ○ अपने को देह समझना
- **D.** ◉ गीता में श्री कृष्ण का नाम डाल देना

**Explanation:** परन्तु मनुष्यों ने शिवबाबा के बदले श्रीकृष्ण का नाम गीता में दे दिया है । यह बड़े ते बड़ी एकज भूल है ।
नम्बरवन गीता में ही भूल कर दी है ।

**Q.7)** **नई दुनिया को सतोप्रधान कहा जाता है | वही फिर जब पुरानी बनती है तो उसको तमोप्रधान कहा जाता है | फिर सतोप्रधान कैसे बनती है?**
**(एक उत्तर का ही चयन करें )**

A. ○ पवित्रता के बल से
B. ◉ योगबल से
C. ○ ब्राह्मणों से
D. ○ ज्ञान से

**Explanation:** योगबल से ही पवित्रता आती है और पवित्र बनने से पुरानी तमोप्रधन दुनिया सतोप्रधन बन जाती है |

**Q.8)** **मास्टर रचयिता की स्टेज पर स्थित रहने से बड़े से बड़ी आपदा एक मनोरंजन का दृश्य अनुभव होगी । जैसे महाविनाश की आपदा को भी स्वर्ग के गेट खुलने का साधन बताते हो, ऐसे किसी भी प्रकार की छोटी बड़ी समस्या व आपदा मनोरंजन का रूप दिखाई दे, हाय-हाय के बजाए ओहो शब्द निकले- दु :ख भी सुख के रूप में अनुभव हो । दु :ख-सुख की नॉलेज होते हुए भी उसके प्रभाव मे न आयें, दु :ख को भी बलिहारी सुख के दिन आने की समझें-तब कहेंगे सम्पूर्ण ज्ञानी ।**

A. ○ True
B. ◉ False

**Explanation:** मास्टर रचयिता की स्टेज पर स्थित रहने से बड़े से बड़ी आपदा एक मनोरंजन का दृश्य अनुभव होगी । जैसे महाविनाश की आपदा को भी स्वर्ग के गेट खुलने का साधन बताते हो, ऐसे किसी भी प्रकार की छोटी बड़ी समस्या व आपदा मनोरंजन का रूप दिखाई दे, हाय-हाय के बजाए ओहो शब्द निकले- दु :ख भी सुख के रूप में अनुभव हो । दु :ख-सुख की नॉलेज होते हुए भी उसके प्रभाव मे न आयें, दु :ख को भी बलिहारी सुख के दिन आने की समझें-तब कहेंगे सम्पूर्ण योगी ।

**Q.9)** **इनमें से बाप की महिमा का चयन करें |**

***(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)***

A. ☑ करन-करावनहार
B. ☑ नॉलेजफुल
C. ☐ जानी-जाननहार
D. ☑ रहमदिल
E. ☑ पतित-पावन
F. ☑ जादूगर

**Q.10)** **पवित्र के लिए तो फिर जरूर पवित्र दुनिया चाहिए ।**

A. ○ False / ये वाक्य गलत है
B. ◉ True / ये वाक्य सही है